>

Title: Need to repair the stretch of National Highway No. 28B between Bagaha in Bihar and Paniahwa in Uttar Pradesh.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): सभापति महोदय, बिहार के बगहा से पनिअहवां, उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए रेल पुल सह सड़क का निर्माण कराया गया है। बगहा से उत्तर प्रदेश के पनिअहवां, पडरौना जाने वाली एन.एच. 28बी सड़क का निर्माण कराया गया है। यह जमीन पहले वन विभाग की थी। इसलिए रेलवे ने उक्त जमीन के बदले मदनपुर के पास दूसरी जमीन खरीद कर उस पर पेड़-पौधे लगवा दिए। इसके बावजूद जंगल विभाग द्वारा नाजायज तरीके से अड़ंगा लगाकर कई वर्षों से उक्त पथ की मरम्मत नहीं होने दी जा रही है। इतना ही नहीं उसकी जर्जर हालत होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की जानें जाती हैं।

मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि वन विभाग द्वारा नाजायज अड़ंगे का शीघ्र समाधान कराते हुए जनहित में उस पथ की मरम्मत कराई जाए ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से निजात मिल सके और लोगों का आवागमन सुरक्षित हो सके।